<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>17.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे</u>

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमीरपुर जिला के प्रवास के दूसरे दिन आज नादौन व हमीरपुर विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें नादौन के खरीड़ी मैदान में बहु–उद्देश्यीय खेल परिसर का शिलान्यास और बड़ा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उदघाटन व किसान प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री नेरी स्थित औद्यानिकी व वानिकी महाविद्यालय में कन्या छात्रावास की आधारशिला और महाविद्यालय के पी.जी. ब्लॉक का लोकापर्ण भी करेंगे।

<u>बादल फटा</u>

शिमला जिला के रामपुर क्षेत्र की तकलेच पंचायत के अंतर्गत डमराली में कल देर रात बादल फटने की घटना हुई है। उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने नोगली पहुंच कर डमराली में बादल फटने से नाले में बढ़े हुए पानी की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि इस घटना से अभी तक जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। डमराली और तकलेच में भारी बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है और डमराली स्थित मोबाइल टावर बंद होने से क्षेत्र की 6 पंचायतों का मोबाइल सिग्नल प्रभावित हुआ है। एसडीएम निशांत तोमर ने बताया कि घटना स्थल तक जाने वाली सड़क टूट गई है जिससे टीम कल रात वहां नहीं पहुंच पाई।

<u>आई.एम.ए.–हडताल</u>

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में इंडियन मैडिकल एसोसिएशन–आईएमए ने आज से 24 घण्टे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। आई.एम.ए. ने आज सुबह छह बजे से ओ.पी.डी. और अन्य सामान्य सेवाएं बन्द करने की अपील की है। संगठन ने पीड़ित महिला डॉक्टर के लिए न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून की मांग की है। संगठन की अपील को देखते हुए इस हड़ताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हो रहे हैं। आई.एम.ए. ने कोलकाता के अस्पताल में हुई तोड़–फोड़ की भी निंदा की है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि डॉक्टरों के साथ हिंसा मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

जगत सिंह

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों की छात्राओं को बेहतर कोचिंग व तकनीक उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे कल किन्नौर जिला के निचार विकास खण्ड की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उरनी में छात्राओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय अंडर–19 खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रतियोगिता में जिले के 40 विद्यालयों की 4 सौ 62 छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन किया। जगत सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

हादसा

शिमला जिला के ननखड़ी क्षेत्र के गड़ासू में कल देर शाम एक कार के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए रामपुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतकों की पहचान ननखड़ी निवासी भजन लाल और देव राज के रूप में हुई है। रामपुर के डीएसपी नरेश शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––––

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री की घोषणा से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–पेंशनरों को एरियर का इसी वित वर्ष में होगा पूरा भुगतान। पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल के एक जैसे शब्द हैं–75 वर्ष और इससे अधिक आयु के पैंशनर्ज को इसी वितीय वर्ष में एरियर का भुगतान। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–78वें राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर सीएम ने देहरा में कीं घोषणाएं। दैनिक जागरण का कहना है–सुक्खू ने शुरू की स्वामित्व योजना, आबादी देह क्षेत्र में मिला भूमि का मालिकाना हक। हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–लैंड रेवेन्यू मैनुअल में किया जाएगा बदलाव। जबकि दैनिक सवेरा के शब्द हैं–राजस्व मामलों के निपटारे के लिए हर अधिकारी के स्तर पर तय कर दी गई है समय सीमा। आपका फैसला लिखता है–पौंग बांध विस्थापितों के स्वामित्व के दावों का समाधान होगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है–हिमाचल को केंद्र से फिना सिंह मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट के लिए मिलेंगे 2 सौ 82 करोड़ 47 लाख रूपये। दैनिक जागरण की एक खबर है–मंडी शहर में दो दिन में चिट्टे की ओवरडोज से तीन युवकों की मौत।

हिमाचल में आज हड़ताल पर रहेंगे डॉक्टर शीर्षक से खबर को हिमाचल दस्तक ने प्रमुखता दी है।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–अगस्त में सामान्य से नौ फीसदी ज्यादा बरसे बादल–निगुलसरी में कार पर गिरी चट्टान, बाल–बाल बचे चार लोग।